तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 31 अक्टूबर 2026
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

**वन संरक्षण को एक साथ आगे बढ़ाने का अवसर**



नेतानार गेट से सफारी की पुनः शुरूआत बस्तर के पर्यटन मानचित्र पर एक नए आकर्षण को जोड़ने जा रही है। इससे प्रकृति पर्यटन, स्थानीय संस्कृति, ग्रामीण आजीविका और वन संरक्षण को एक साथ आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। सफारी और इको ट्रेल जैसी गतिविधियों के विस्तार से स्थानीय युवाओं और ग्रामीण समुदायों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। इससे ग्रामीण आजीविका को मजबूती मिलने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### सांसद से मिले पटाखा व्यापारी संघ

**जगदलपुर।** आड़ावाल पटाखा व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों ने सांसद महेश कश्यप से मुलाकात कर पटाखा बाजार से जुड़ी समस्याओं और व्यवस्थाओं से अवगत कराया, जिस पर सांसद ने सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर तपन राय, प्रवीर पाल, समित देव, संदीप दास, विजय शर्मा, दीपक शर्मा, रिक्की साहा, लोकेश पानिग्राही, सौरभ सरकार एवं आड़ावाल पटाखा व्यापारी बंधु उपस्थित रहें।

### मछली पालन को बढ़ावा देने 956 करोड़ की परियोजना को मंजूरी

**जगदलपुर।** मछली पालन को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करने और किसानों तथा मछुआरों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत प्रयास किए जा रहे हैं। योजना के माध्यम से मछली पालन से जुड़े लोगों को तालाब निर्माण, मछली बीज उत्पादन, आधुनिक तकनीक और आवश्यक संसाधनों की स्थापना के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है। सामान्य वर्ग की महिलाओं को भी इस योजना के तहत 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। उप संचालक मत्स्य पालन एम.एल. राणा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, योजना में पात्र महिला हितग्राहियों को परियोजना लागत का 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। वहीं सामान्य वर्ग के अन्य पात्र हितग्राहियों के लिए अनुदान की दर 40 प्रतिशत तक निर्धारित है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पात्र श्रेणियों के हितग्राहियों को भी निर्धारित प्रावधानों के अनुसार अनुदान का लाभ मिलता है।

### पटवारियों की हड़ताल को इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति ने किया समर्थन

**जगदलपुर।** पटवारी संघ छत्तीसगढ़ की 4 सूत्रीय मांगों का इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति ने समर्थन करते मांगों का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है। इस संबंध में समिति के जिला अध्यक्ष पूरन सिंह कश्यप के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने अपर कलेक्टर सी.पी. बघेल को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। बस्तर जिला राजस्व संघ के अध्यक्ष आनंद कश्यप को समर्थन का ज्ञापन सौंपा गया। समिति के जिला अध्यक्ष ने कहा कि पटवारी शासन और आम जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं। पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र से संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वहीं, वर्तमान में इंद्रावती नदी में आई बाढ़ से हुए नुकसान की रिपोर्ट तैयार करने तथा चक्रवात और अतिवृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान निरीक्षण एवं राजस्व संबंधी जानकारी जुटाने में भी कठिनाइयां आ रही हैं।

### कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में प्रकृति आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने उठाया कदम

# कैलाश गुफा और झील तक अब पहुंच आसान आठ साल बाद फिर शुरू होगी जिप्सी सफारी

*कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में पर्यटन के नए द्वार खुलने जा रहे हैं, लगभग आठ साल के लंबे अंतराल के बाद राष्ट्रीय उद्यान के दूसरे प्रवेश द्वार नेतानार गेट से एक नवंबर को जिप्सी सफारी की फिर शुरूआत होगी। इस पहल से पर्यटकों को अब तक कम देखे गए जंगलों, मनमोहक वन मार्गों और प्रसिद्ध कैलाश गुफा व कैलाश झील के प्राकृतिक सौंदर्य को करीब से निहारने का अवसर मिलेगा।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

**एक नवंबर से पर्यटक कर सकेंगे कैलाश गुफा व कैलाश झील के प्राकृतिक सौंदर्य का दीदार**



अलग खबर

इसके साथ ही इको ट्रेल की शुरूआत भी की जा रही है, जो प्रकृति प्रेमियों और पक्षी प्रेमियों के लिए आकर्षण का नया केंद्र बनेगा। वर्ष 2018 के बाद नेतानार मार्ग से सफारी शुरू होने से कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के पर्यटन क्षेत्र का विस्तार होगा। नेतानार गांव से संचालित होने वाली जिप्सी सफारी के जरिए पर्यटक घने जंगलों के बीच से गुजरते हुए कैलाश गुफा और कैलाश झील के आसपास के प्राकृतिक परिवेश का आनंद ले सकेंगे। वहीं इको ट्रेल के माध्यम से जंगल की जैव विविधता, दुर्लभ वनस्पतियों और प्राकृतिक पारिस्थितिकी को नजदीक से समझने का मौका मिलेगा। यह क्षेत्र पक्षी प्रेमियों के लिए भी खास साबित हो सकता है। अनुकूल परिस्थितियों और सौभाग्य से पर्यटकों को छत्तीसगढ़ के राजकीय पक्षी बस्तर पहाड़ी मैना सहित विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों और वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक आवास में देखने का अवसर मिल सकता है। जंगल की शांति, हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच यह सफर पर्यटकों के लिए यादगार अनुभव बनेगा। इस पर्यटन पहल की खास बात यह है कि पर्यटकों को प्रकृति दर्शन के साथ बस्तर के पारंपरिक स्थानीय व्यंजनों और समृद्ध संस्कृति से रूबरू होने का अवसर भी मिलेगा।

#### प्रकृति आधारित पर्यटन को बढ़ावा

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक गौतम नारायण पडिभार ने बताया कि नेतानार गेट से जिप्सी सफारी और इको ट्रेल की शुरूआत प्रकृति आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे पर्यटक कांगेर घाटी की समृद्ध जैव विविधता और प्राकृतिक विरासत को करीब से जान सकेंगे। साथ ही स्थानीय समुदायों की भागीदारी से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

## बाढ़ पीड़ितों की राहत सामग्री बर्बादी का हिसाब दे निगम प्रशासन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल ने निगम प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए बाढ़ पीड़ितों की राहत सामग्री सड़ाने और गुमटी संचालकों के साथ की गई बर्बर कार्रवाई की जांच व दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। पार्षद दल ने नगर निगम में बाढ़ पीड़ितों के लिए प्राप्त खाद्य सामग्री का समय पर वितरण नहीं किए जाने तथा दलपत सागर किनारे रखी गुमटियों को अमानवीय तरीके से सड़क से लगभग 20 फीट नीचे गिराए जाने के मामलों को गंभीर बताते हुए दोनों घटनाओं की जांच की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नगर निगम अधिकारियों द्वारा की जा रही ऐसी कार्यवाहियां न केवल आम नागरिकों के साथ अन्यायपूर्ण हैं, बल्कि निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल खड़े करती हैं। सामाजिक संगठन अथवा संस्था द्वारा बाढ़ पीड़ितों के लिए चावल, दाल, नमक, तेल, हल्दी, आलू, प्याज, बैंगन सहित अन्य खाद्य सामग्री के पैकेट तैयार कर नगर निगम प्रशासन को इस भरोसे के साथ सौंपे गए थे कि निगम जरूरतमंद परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाएगा। लेकिन जरूरतमंद बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचने वाली यह राहत सामग्री वितरित करने के बजाय नगर निगम कार्यालय में ताला लगाकर रख दी गई। लंबे समय तक बंद रखे जाने के कारण कच्ची सब्जियां एवं अन्य खाद्य सामग्री पूरी तरह सड़ गई और उनसे उठने वाली दुर्गंध के कारण निगम कार्यालय के कर्मचारियों सहित वहां आने वाले आम नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। राजेश चौधरी ने कहा कांग्रेस पार्षद दल की मांग है कि दोनों मामलों में तत्काल उच्चस्तरीय जांच कमेटी गठित की जाए। पार्षद दल ने चेतावनी दी है कि यदि 3 दिवस के भीतर निगम प्रशासन द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की जाती है तो 2 नवंबर को नगर पालिक निगम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान महामंत्री अभिषेक नायडू, कोषाध्यक्ष रविशंकर तिवारी, पार्षद सुशीला बघेल, शेख जाहिद हुसैन, राकेश मौर्य, सूर्या पानी, अफरोज बेगम, रामकृष्ण तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी एम वेंकट राव, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेंद्र पटवा, विजेंद्र ठाकुर आभास रत्न महंती, दुर्योधन कश्यप मौजूद थे।

- 3 दिवस में कार्रवाई नहीं हुई तो 2 नवंबर को कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

#### आलू के सड़ने का इंतजार कर रहे थे नेता प्रतिपक्ष



बाढ़ पीड़ितों को बांटने के लिए 1 संस्था ने 99 पैकेट सामान नगर निगम को दिया था, जिसमें चावल, पोहा, दाल, मूर्रा लगभग 1-1 पाव और 2 नग आलू पैकेट में थे। बाढ़ खत्म होने के बाद दशहरा और राष्ट्रपति का प्रोग्राम होने से सारे लोग व्यस्त हो गए। निगम के स्टॉफ ने पैकेट को एक जगह रख दिया इसकी जानकारी कांग्रेस पार्षद और नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी को थी, लेकिन वे राजनीतिक रोटियां सेंकने आलू के सड़ने का इंतजार कर रहे थे। सड़े हुए आलू की मात्रा लगभग 8 से 10 किलों थी, जिसे हटाकर ताजा आलू भरकर पैकेट का सामान बाढ़ पीड़ितों में बांट दिया गया है।

संजय पांडेय, महापौर नगर निगम जगदलपुर



## खाद की कालाबाजारी पर लैम्पस प्रबंधक के खिलाफ लामबंद हुए किसान

**जगदलपुर।** किसानों को दिए जाने वाली सरकारी खाद में कालाबाजारी मामले में किसानों ने लैम्स प्रबंधक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कचनार लैम्स प्रबंधक को हटाए जाने के साथ कानूनी कार्रवाई की मांग किसान कर रहे हैं। किसानों ने बस्तर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। गौरतलब है कि बकावंड ब्लॉक के कचनार गांव में लैम्पस प्रबंधक ने एक किसान के जाली दस्तखतकर सरकारी खाद का गबन कर लिया था।

कचनार गांव में हरिभूमि के पहुंचने पर लैम्स प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर स्टाफ नदारद थे। किसानों का कहना है कि कई बार लिखित शिकायत करने के बाद भी प्रशासन प्रबंधक के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं कर रहा है, अब पंचायत के सरपंच, उप सरपंच और पंचों ने लैम्पस के उच्च अधिकारियों के साथ-साथ विधायक और कलेक्टर से भी लिखित शिकायत कर लैम्पस प्रबंधक को हटाए जाने की मांग करने की बात कही है।

## बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कूलों में पहुंचे न्यायाधीश शोषण व अपराधों से बचाव के बताए कानूनी तरीके

**जगदलपुर।** बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और शोषण, लैंगिक अपराध तथा साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सुरक्षित बचपन अभियान के तहत जिले के विद्यालयों में जागरूकता की मुहिम तेज कर दी है। शुक्रवार को न्यायिक अधिकारियों ने शहर के पांच विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों को कानूनी संरक्षण, व्यक्तिगत सुरक्षा और अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। इस दौरान बच्चों को बताया गया कि किसी भी तरह के अनुचित व्यवहार या शोषण की स्थिति में चुप रहने के बजाय बिना भय के अभिभावकों, शिक्षकों अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी दें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगड़े के निर्देशन में आयोजित शिविरों में न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) 2012 सहित बच्चों की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय हाटगुड़ा एवं एमएलबी स्कूल क्रमांक-1 में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं प्राधिकरण की सचिव अंकिता कश्यप, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम रेलवे स्कूल बोधघाट में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी राहुल शराफ, स्वामी विवेकानंद स्कूल उत्कृष्ट विद्यालय संजय मार्केट में व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी निहारिका तिवारी, एमएलबी स्कूल क्रमांक-2 में व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी टेसी पटेल तथा ज्ञानोदय स्कूल आड़ावाल में व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी हरीश सलामे ने शिविर आयोजित किए।

- 12 नवंबर से शिक्षकों को भी दिया जाएगा प्रशिक्षण



#### सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने अभियान

अभियान का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ उन्हें अपने अधिकारों और कानूनी संरक्षण के प्रति सजग बनाना है। शिविरों में बच्चों को लैंगिक अपराधों, शोषण, उत्पीड़न और साइबर अपराधों के संभावित खतरों से अवगत कराया गया। साथ ही व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध अथवा अनुचित गतिविधि की जानकारी तत्काल जिम्मेदार व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया।

## सीएम के भूमिपूजन के छह महीने बाद भी बड़े बोदल मार्ग का निर्माण शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ग्राम पंचायत बड़े बोदल के मुख्य मार्ग एल-139 सुरंदवाड़ा रोड से बड़े बोदल मार्ग (लंबाई 1.80 किलोमीटर, लागत 192.06 लाख) के डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व अन्य मंत्रियों की मौजूदगी में 17 अप्रैल को हो चुका है। इसके बावजूद आज तक कार्य प्रारंभ नहीं होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सड़क निर्माण जल्द शुरू कराने की मांग की है। 27 अक्टूबर को जिला कार्यालय जगदलपुर के आवक लिपिक शाखा में यह आवेदन जमा किया गया है। गौरतलब है कि यह सड़क ग्राम बड़े बोदल का मुख्य मार्ग है जो एक मुख्य रोड से दूसरी रोड को जोड़ती है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, किसानों के साथ ट्रैक्टर, ऑटो, बाइक एवं शासकीय वाहनों का अत्यधिक आवागमन होता है। वर्तमान में सड़क की स्थिति अत्यंत खराब एवं कच्ची होने के कारण यहां बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बरसात में कीचड़ और अन्य दिनों में धूल के कारण चलना दूभर हो गया है।

- ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन
- 192 लाख की लागत से 1.80 किमी सड़क का होना है डामरीकरण





#### एंबुलेंस और राशन परिवहन में आ रही बाधा

सड़क खराब होने से शासकीय राशन वितरण एवं दैनिक कार्यों में ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। जर्जर मार्ग के कारण स्कूल बस, 108 एम्बुलेंस, मरीजों और गर्भवती महिलाओं को भी आवागमन में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

#### सरपंच ने की तत्काल कार्य शुरू कराने की मांग

बड़े बोदल के सरपंच सामबती नाग ने कलेक्टर से निवेदन किया है कि जनहित को देखते हुए उक्त डामरीकरण कार्य को तत्काल प्रारंभ करवाने हेतु संबंधित निर्माण एजेंसी व विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द काम शुरू नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।




## केसीसी लोन लेते समय बीमा के नाम पर राशि काट रहे बैंक

**जगदलपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिला बस्तर के जिला अध्यक्ष ने जिला सहकारी बैंक एवं संबंधित बीमा कंपनियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। रमेश गोयल ने कहा कि जब किसान जिला सहकारी बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कृषि ऋण लेता है, तब बीमा के नाम पर किसान के खाते से राशि काट ली जाती है। किसान इस उम्मीद में बीमा का प्रीमियम देता है कि प्राकृतिक आपदा, अतिवृष्टि, बाढ़ अथवा अन्य कारणों से उसकी फसल नष्ट होने पर उसे बीमा क्लेम के रूप में आर्थिक सहायता मिलेगी। लेकिन जब वास्तव में किसान की मेहनत से तैयार फसल बर्बाद हो जाती है, तब किसान बीमा राशि के लिए बैंक, बीमा कंपनी और सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर होता है। आखिर किसान से बीमा प्रीमियम लेने के बाद उसकी फसल नष्ट होने पर बीमा क्लेम कौन देगा। यदि किसान को बीमा राशि नहीं मिलती तो उसके खाते से काटी गई राशि आखिर किस मद में जमा की गई और इसकी जवाबदेही किसकी होगी। यूनियन ने जिला सहकारी बैंक एवं संबंधित बीमा कंपनियों से जवाब मांगा है।



- फसल बर्बाद होने पर किसानों को बीमा क्लेम नहीं मिलता



## खबर संक्षेप

### रन फॉर यूनिटी के लिए विधायक कार्यालय में बैठक

**केशकाल।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित होने वाले रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विधायक कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान रन फॉर यूनिटी के आयोजन की रूपरेखा, कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार, निर्धारित समय पर आयोजन की शुरुआत, प्रतिभागियों की व्यवस्था एवं आयोजन स्थल से जुड़ी तैयारियों पर भी चर्चा की गई।
इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से अनेक रियासतों का एकीकरण संभव हुआ और एक मजबूत भारत की नींव तैयार हुई। रन फॉर यूनिटी केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का संदेश देने वाला आयोजन है।

### हायर सेकंडरी के छात्रों को ना बाल विवाह ना शोषण विषय पर किया जागरूक



**केशकाल।** शनिवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहीगांव, केशकाल में 26 से 31 अक्टूबर तक संचालित सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से उपस्थित रिसोर्स पर्सन द्वारा विद्यार्थियों को ना बाल विवाह ना शोषण विषय पर जागरूक किया गया तथा बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान अधिकार मित्रों ने विद्यार्थियों को बाल अधिकारों एवं बाल संरक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी बच्चे के साथ किसी भी प्रकार का अपराध, हिंसा, शोषण या दुर्व्यवहार होता है, तो उसे चुप नहीं रहना चाहिए।

### चक्रवात अर्नब का प्रभाव कमजोर पड़ा, मौसम हुआ सामान्य

**जगदलपुर।** बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवात अर्नब का प्रभाव कमजोर पड़ने के बीच बस्तर में मौसम धीरे-धीरे सामान्य होने के संकेत मिल रहे हैं। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 31 अक्टूबर को बस्तर जिले में आसमान आंशिक रूप से बादलों से ढका रहेगा। इस दौरान मौसम सुहावना रहने के साथ कुछ स्थानों पर हल्की बारिश अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई गई है। पूर्वानुमान के मुताबिक शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान लगभग 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

# अर्नब चक्रवात से चौपट हुआ कोंडागांव का बाजार, दिनभर बारिश से सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**कोण्डागांव।** साप्ताहिक अवकाश और चक्रवात के प्रभाव से बिगड़े मौसम ने कोंडागांव के बाजार की रौनक फीकी कर दी। मंगलवार को साप्ताहिक अवकाश के चलते अधिकांश दुकानों के शटर बंद रहे, वहीं अगले दिन दिनभर होती बारिश ने बाजार की गतिविधियों को प्रभावित किया। आमतौर पर ग्राहकों की आवाजाही से गुलजार रहने वाली सड़कें सूनी नजर आईं और दुकानदार ग्राहकों के इंतजार में बैठे रहे। पूर्वी बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती सिस्टम के प्रभाव से मौसम खराब होने और दिनभर बारिश होने के कारण लोग घरों से बाहर निकलने से बचते नजर आए। बारिश के चलते बाजार में सामान्य दिनों जैसी चहल-पहल नहीं रही। खरीदारी के लिए आने वाले ग्राहकों की संख्या कम होने से व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित हुआ।

शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में शामिल पुराना बस स्टैंड, गांधी चौक और अन्य भीड़भाड़ वाले बाजार स्थलों पर भी सन्नाटा देखने को मिला। आम दिनों में इन क्षेत्रें में लोगों की आवाजाही और वाहनों की आवाज से रौनक बनी रहती है, लेकिन खराब मौसम के चलते सड़कें अपेक्षाकृत खाली नजर आईं। दुकानों के बाहर ग्राहकों की आवाजाही कम रही और कई व्यापारियों को दिनभर ग्राहकों का इंतजार करना पड़ा। बाजार की सामान्य गतिविधियां प्रभावित होने से शहर के व्यापारिक माहौल में भी सुस्ती दिखाई दी।

#### दुकानों में ग्राहकों का इंतजार करते रहे व्यापारी



#### बाजार क्षेत्र में भी कम रही चहल-पहल

साप्ताहिक अवकाश के बाद व्यापारी अगले दिन बेहतर कारोबार की उम्मीद करते हैं, लेकिन लगातार बारिश ने उनकी उम्मीदों को झटका दिया। खुदरा दुकानों सहित विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में ग्राहकों की कमी महसूस की गई। मौसम खराब रहने के कारण खरीदारी के लिए निकलने वाले लोगों की संख्या घटने से बाजार में कारोबार सामान्य दिनों की तुलना में कमजोर रहा। व्यापारियों और स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि मौसम साफ होने के बाद बाजार में फिर से रौनक लौटेगी। फिलहाल साप्ताहिक अवकाश के बाद चक्रवात के प्रभाव से हुई बारिश ने बाजार की गति धीमी कर दी है। दिनभर सूनी सड़कों और खाली दुकानों का नजारा शहर में मौसम के असर को साफ तौर पर बयां करता रहा।

## आलोर, बड़ेडोंगर, उरंदाबेड़ा और कोनगुड़ उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण, किसानों की सुविधा पर दिया जोर

# धान खरीदी की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीदी को सुचारू और व्यवस्थित बनाने प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने फरसगांव विकासखंड के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आलोर, बड़ेडोंगर, उरंदाबेड़ा और कोनगुड़ स्थित धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने केंद्रों में पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती, धान के सुरक्षित भंडारण के लिए पर्याप्त जगह और किसानों के आवागमन की सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से चर्चा कर केंद्रों की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी भी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी एसडीएम दिलीप उइके, तहसीलदार अंकुर रात्रे, जनपद पंचायत सीईओ रूपेंद्र नेताम, खाद्य विभाग के अधिकारी नवीन श्रीवास्तव, जिला विपणन अधिकारी लोकेश देवांगन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



#### गर्भवती महिलाओं और कुपोषित बच्चों की निगरानी के निर्देश

**फरसगांव।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को फरसगांव विकासखंड के कोनगुड़ और उरंदाबेड़ा स्थित स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं, दवाइयों की उपलब्धता और मरीजों को दिए जा रहे उपचार की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं और कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित स्वास्थ्य जांच, सतत निगरानी और समय पर उपचार सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उरंदाबेड़ा स्वास्थ्य केंद्र के लिए नए भवन की आवश्यकता को देखते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

### गांव में ही कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर, कलेक्टर ने कोनगुड़ में कौशल केंद्र का किया निरीक्षण

**फरसगांव।** ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में ग्राम कोनगुड़ में आकांक्षा ग्रामीण कौशल एवं नवाचार केंद्र विकसित किया जा रहा है। गुरुवार को कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने केंद्र का निरीक्षण कर प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं युवतियों से चर्चा कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उपलब्ध सुविधाओं और उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

कलेक्टर ने कहा कि शासन का उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को उनके गांव के आसपास ही रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाना है। कोनगुड़ में स्थापित हो रहे इस केंद्र के माध्यम से युवक-युवतियों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही, यहां गारमेंट फैक्ट्री इकाई प्रारंभ होने से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिल सकेंगे।



उन्होंने ग्रामीण युवक-युवतियों और पुनर्वासित व्यक्तियों को इन सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि युवाओं को रोजगार की तलाश में गांव से बाहर जाने के बजाय स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कौशल विकास के अवसरों का लाभ लेकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

#### प्रशिक्षणार्थियों के लिए आवास और बस सुविधा पर जोर

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवक-युवतियों की संख्या और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए केंद्र में आवासीय सुविधा विकसित करने तथा प्रशिक्षणार्थियों के आवागमन के लिए बस की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इससे दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को प्रशिक्षण प्राप्त करने में सहूलियत मिलेगी। केंद्र में डाटा एंट्री ऑपरेटर, राजमिस्त्री, प्लंबर, किसान ड्रोन ऑपरेटर, वनोपज संग्रहण, प्रसंस्कृत खाद्य उद्यमिता, सोलर पैनल स्थापना तकनीशियन, इलेक्ट्रीशियन, मेटल क्राफ्ट सहित विभिन्न रोजगारपरक ट्रेडों में प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस पहल से ग्रामीण युवाओं को अपने हुनर को निखारने और रोजगार के नए अवसर हासिल करने में मदद मिलेगी। निरीक्षण के दौरान फरसगांव के प्रभारी एसडीएम दिलीप उइके, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूपेन्द्र नेताम, लाइवलीहुड के प्रभारी अधिकारी पुनेश्वर वर्मा सहित पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### तहसीन रज़ा का राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयन



**कोण्डागांव।** गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव के प्रतिभाशाली बैडमिंटन खिलाड़ी मोहम्मद तहसीन रज़ा ने अपनी खेल प्रतिभा और मेहनत के दम पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जगह बनाई है। उनका चयन राज्य स्तरीय बैडमिंटन पुरुष प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वे प्रतियोगिता में कांकेर सेक्टर की पुरुष बैडमिंटन टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

तहसीन रज़ा का चयन 27 एवं 28 अक्टूबर को स्वामी आत्मानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणपुर में आयोजित सेक्टर स्तरीय बैडमिंटन पुरुष प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करने के आधार पर हुआ। इस प्रतियोगिता में कांकेर सेक्टर के विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। बेहतर प्रदर्शन के चलते तहसीन ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की।

राज्य स्तरीय बैडमिंटन पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन 13 एवं 14 नवंबर को स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सूरजपुर में किया जाएगा। इसमें छत्तीसगढ़ के 12 सेक्टरों की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता से पहले चयनित खिलाड़ियों की तैयारी के लिए 11 एवं 12 नवंबर को स्वामी आत्मानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणपुर में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा।

# भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक

## संगठन विस्तार और बूथ स्तर पर मजबूती को लेकर बनी रणनीति

**केशकाल।** जिला कोंडागांव के अंतर्गत केशकाल मंडल में विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक का आयोजन विधायक नीलकंठ टेकाम के नेतृत्व में किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती, पार्टी की आगामी कार्ययोजना, कार्यकर्ताओं की सक्रियता तथा विधानसभा क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

इस संगठनात्मक बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष सेवक राम नेताम एवं जिला महामंत्री विजय पोया विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ केशकाल विधानसभा क्षेत्र के समस्त मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

बैठक के दौरान संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सशक्त बनाने तथा पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। पदाधिकारियों ने मंडल एवं बूथ स्तर पर संगठन की गतिविधियों को गति देने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने और आम जनता के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने को लेकर अपने विचार साझा किए। विधायक नीलकंठ टेकाम ने संगठन में कार्यकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत, अनुशासन और आपसी समन्वय से ही संगठन लगातार मजबूत होता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपने-अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करने तथा आमजन की समस्याओं और जरूरतों के प्रति संवेदनशील रहकर कार्य करने का आह्वान किया।



### कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक बने निर्मल शार्दूल

**कोण्डागांव।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला कोंडागांव के जिला संयोजक पद पर निर्मल शार्दूल को नियुक्त किया गया है। प्रदेश संयोजक कमल वर्मा द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में विचार-विमर्श के बाद उनके नाम की घोषणा की गई। इस निर्णय का बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी।



जिला संयोजक के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए प्रदेश संयोजक कमल वर्मा द्वारा गजेंद्र श्रीवास्तव, महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, जगदलपुर तथा कैलाश चौहान, प्रांताध्यक्ष पशु चिकित्सा विभाग को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था। दोनों पर्यवेक्षकों के कोंडागांव पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बैठक में स्वागत-अभिनंदन के बाद फेडरेशन के उप संयोजक निर्मल शार्दूल ने स्वागत भाषण दिया और उपस्थित पर्यवेक्षकों, जिला अध्यक्षों एवं सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन किया।

# गुण्डाधूर कॉलेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम, विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति की दी जानकारी

**कोण्डागांव।** गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों से परिचित कराने के उद्देश्य से दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों ने विद्यार्थियों को भारतीय शिक्षा नीतियों के ऐतिहासिक विकास, क्रेडिट सिस्टम, बहुविषयक शिक्षा, कौशल विकास और मल्टीपल एंट्री-मल्टीपल एग्जिट जैसी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम ने की। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विकास दुआ विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आकाश वासनीकर ने किया, जबकि स्वागत उद्बोधन संयोजक डॉ. पुरोहित कुमार सोरी ने दिया।

प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, कौशल आधारित और बहुविषयक शिक्षा प्रदान कर उनका सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक अवसरों का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विकास दुआ ने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मनिर्भरता और रोजगारोन्मुखी दक्षताओं को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल विकसित करने पर भी ध्यान देने का आह्वान किया। मास्टर ट्रेनर शशिभूषण कन्नौजे ने भारतीय शिक्षा व्यवस्था के ऐतिहासिक विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968, 1986 तथा वर्ष 1992 में किए गए संशोधनों की प्रमुख विशेषताओं की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की पृष्ठभूमि समझाई। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति शिक्षा व्यवस्था को अधिक समावेशी, लचीला और व्यावहारिक बनाने पर जोर देती है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, समस्या समाधान और विभिन्न परिस्थितियों के अनुरूप निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना भी है।

मास्टर ट्रेनर नसीर अहमद ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न प्रावधानों को उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने बताया कि जेनेरिक इलेक्टिव के अंतर्गत विद्यार्थी अपने मुख्य विषय के अतिरिक्त अन्य विषयों का अध्ययन कर सकते हैं।




### शपथ पत्र

मैं भावेश कुमार नागवंशी आयु 24 वर्ष पिता स्व. दशरथ नागवंशी निवासी पुलिस लाइन सिविल लाइन वार्ड नं. 07 जगदलपुर तहसील जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. का निवासी हूं जो कि शपथ पूर्वक निम्न कथन व्यक्त करता हूं।

1. यह कि मेरे कक्षा पहली से स्नातकोत्तर के सभी अंकसूची व शाला अभिलेख में मेरा नाम भावेश कुमार दर्ज है ।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम भावेश कुमार नागवंशी दर्ज है।
3. यह कि मेरे शाला अभिलेख में दर्ज नाम भावेश कुमार एवं आधार कार्ड, पेन कार्ड में दर्ज नाम भावेश कुमार नागवंशी दोनों नाम मेरे है। दोनों नाम का एक ही व्यक्ति हूं। शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

### AFFIDAVIT

I, Bhavesh Kumar Nagvanshi, age 24 years, son of Late Dashrath Nagvanshi, resident of Police Line, Civil Line, Ward No. 07, Jagdalpur, Tehsil Jagdalpur, District Bastar, Chhattisgarh, do hereby solemnly affirm and declare as follows:

1. That my name is recorded as Bhavesh Kumar in all my mark sheets and school records from Class 1 through my postgraduate studies.
2. That my name is recorded as Bhavesh Kumar Nagvanshi on my Aadhaar Card and PAN Card.
3. That the name Bhavesh Kumar, recorded in my school records, and the name Bhavesh Kumar Nagvanshi, recorded on my Aadhaar Card and PAN Card, both refer to me. Both names belong to one and the same person. I am submitting this affidavit to affirm and declare the same.

DEPONENT

# सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती मनाने कलार समाज की बैठक

**केशकाल।** बस्तर संभाग मुख्यालय जुंगानी कलार द्वारा भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती मनाने की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। 16 नवंबर को संभाग स्तरीय सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती मनाने समाज की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों एवं ब्लॉकों से पहुंचे समाज के पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों ने सहभागिता करते हुए कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने विस्तार से चर्चा की। इस आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में समारोह आयोजित करने की मंशा के साथ समाज के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आवश्यक विचार-विमर्श किया। बैठक में संभागीय उपाध्यक्ष बालकुमार प्रधान, संभागीय संरक्षक गुप्तेश्वर बघेल, संभागीय सचिव एवं कोंडागांव जिला अध्यक्ष त्रिनाथ दीवान, कांकेर जिला अध्यक्ष लोकेश जैन, पूर्व संभागीय अध्यक्ष दिनेश पोया, ब्लॉक अध्यक्ष दीपेश सेठिया, उपाध्यक्ष याद प्रसाद सिन्हा, सचिव भवसागर बघेल, कोषाध्यक्ष नंदलाल लाडिया, केशव कश्यप, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रोशन सिन्हा, मनोज कश्यप, लोकेश नाग एवं पुनीत कश्यप उपस्थित रहे।





नगरपालिका, पशु चिकित्सा विभाग की दुकान तक भुगतान पर सवाल

स्थानीय आदिवासी महिलाओं के नाम पर साढ़े चार साल से संचालित व्यवस्था की जांच की मांग

# सी-मार्ट पर विद्युत विभाग की मेहरबानी खत्म

## 9 लाख का बिजली बिल बकाया, विभाग ने काटी बिजली







लीलाधर राठी ▶▶| सुकमा

महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई सी-मार्ट योजना अब सुकमा जिले में लगातार विवादों के घेरे में है। हरिभूमि द्वारा पूर्व में प्रकाशित खबरों में सी-मार्ट की कार्यप्रणाली, लाखों रुपये के बकाया भुगतान, करोड़ों के कारोबार और स्व-सहायता समूहों को वास्तविक लाभ मिलने पर सवाल उठाए गए थे। अब इस मामले में एक और गंभीर जानकारी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि सी-मार्ट पर लगभग 9 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया होने के चलते विद्युत विभाग ने बिजली कनेक्शन काट दिया है। वहीं, जिस नगरपालिका भवन में सी-मार्ट का संचालन शुरू से किया जा रहा है, उसका किराया भी अब तक भुगतान नहीं किए जाने की बात सामने आ रही है। ऐसे में योजना के संचालन, वित्तीय प्रबंधन और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर सवाल और गहरे हो गए हैं।

### 9 लाख का बिजली बिल, आखिर भुगतान की जिम्मेदारी किसकी

जानकारी के अनुसार सी-मार्ट पर लगभग 9 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया है। विद्युत विभाग के द्वारा लारी बिल में बकायदा सीईओ जिपं के साथ साथ जनपद पंचयात का भी उल्लेख है। लंबे समय से भुगतान नहीं होने के कारण विद्युत विभाग द्वारा कनेक्शन काटे जाने की बात कही जा रही है।

सवाल यह है कि जब सी-मार्ट का संचालन सरकारी योजनाओं और महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा था, तब बिजली बिल जैसी आवश्यक देनदारी का भुगतान क्यों नहीं किया गया, आखिर साढ़े चार वर्षों के संचालन के दौरान बिजली बिल जमा करने की जिम्मेदारी किस अधिकारी या संस्था की थी, यदि सी-मार्ट में कारोबार और आमदनी हो रही थी, तो फिर इतनी बड़ी राशि बकाया कैसे हो गई।




### नगरपालिका भवन का किराया बाकी

सी-मार्ट के संचालन को लेकर दूसरा बड़ा सवाल नगरपालिका भवन के किराये को लेकर खड़ा हो रहा है। बताया जा रहा है कि 2022 के शुभारंभ से लेकर अब तक भवन का किराया जमा नहीं किया गया है। नपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि सरकारी भवन का उपयोग किस अनुबंध और किन शर्तों पर किया जा रहा था। किराया निर्धारण हुआ था तो भुगतान क्यों नहीं हुआ और यदि किराया माफ किया गया था तो किस सक्षम अधिकारी ने किस नियम के तहत इसकी अनुमति दी।

### पशु चिकित्सा विभाग की दुकान का भुगतान पर सवाल

मामले में एक और महत्वपूर्ण पहलू सामने आया है। बताया जा रहा है कि करीब छह माह पूर्व पशु चिकित्सा विभाग द्वारा स्व-सहायता समूह के नाम पर सी-मार्ट के बाजु की एक दुकान जो कि कांग्रेस सरकार के दौरान शबरी दुग्ध को आबंटित थी जिसे किराये पर दी गई थी, लेकिन उसका किराया भी अब तक बकाया है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब एक ओर महिला समूहों को रोजगार और आय बढ़ाने का उद्देश्य बताया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर संबंधित दुकानों का किराया तक समय पर जमा नहीं हो पा रहा है। विभाग को इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

### वेतन के साथ सरकारी वाहन और क्वार्टर की सुविधा किस नियम से

बिलासपुर की उक्त महिला को सी-मार्ट के शुभारंभ से लेकर भाजपा सरकार बनने से पूर्व तक वेतन के अतिरिक्त शासकीय वाहन और शासकीय क्वार्टर उपलब्ध कराए जाने के दावों पर भी सवाल उठ रहे हैं। यहां तक कि समय-सीमा की बैठकों में शामिल होने की अनुमति किस हैसियत और किस प्रशासनिक आदेश के तहत दी जाती रही, यह भी जांच का विषय है। यदि ये सुविधाएं नियमों के अनुरूप दी गई थीं तो संबंधित आदेश और स्वीकृति सार्वजनिक की जानी चाहिए।

### स्थानीय आदिवासी महिलाएं आगे, संचालन की कमान किसके हाथ में

सी-मार्ट योजना का मूल उद्देश्य स्थानीय आदिवासी महिलाओं और स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था। लेकिन आरोपों के अनुसार स्थानीय महिलाओं को सामने रखकर बिलासपुर की एक महिला के हाथों में पिछले साढ़े चार वर्षों से संचालन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां रही हैं। ऐसे में यह जांच जरूरी है कि वास्तविक निर्णय कौन ले रहा था, कारोबार का हिसाब-किताब किसके नियंत्रण में था और लाभ का कितना हिस्सा स्थानीय महिला समूहों तक पहुंचा।

### हरिभूमि की खबरों के बाद अब जांच की जरूरत

हरिभूमि ने पूर्व में सी-मार्ट के लाखों रुपये के बकाया, जिला पंचायत की करीब 15 लाख रुपये की देनदारी, बिजली बिल और करोड़ों के कारोबार के बीच स्व-सहायता समूहों को वास्तविक लाभ मिलने जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया था। अब बिजली कनेक्शन कटने, भवन किराया और दुकान के किराये के भुगतान से जुड़े नए सवाल सामने आने के बाद मामले की निष्पक्ष जांच आवश्यक हो गई है। जिला प्रशासन को सी-मार्ट की स्थापना से अब तक की आय-व्यय विवरणी, बैंक खातों, खरीद-बिक्री, बिजली बिल, भवन किराये, कर्मचारियों के वेतन, वाहन और आवास संबंधी सुविधाओं तथा पदाधिकारियों की नियुक्ति के दस्तावेजों की जांच करानी चाहिए। साथ ही स्थानीय स्व-सहायता समूहों से भी जानकारी ली जानी चाहिए कि उन्हें योजना से वास्तव में कितना लाभ मिला।

### मार्गदर्शन लेकर की जाएगी कार्रवाई

नपा के भवन में संचालित सी मार्ट के बकाया किराए के संबंध में सीएमओ विनीत साव ने कहा कि इस संबंध में पत्राचार किया गया है, जल्द ही वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर आगे की कार्रवाई की जावेगी।

### मैनेजर बनना था अध्यक्ष कैसे बन गईं

सी-मार्ट की संचालन व्यवस्था को लेकर सबसे अहम सवाल इसके नेतृत्व और जिम्मेदारी का है। आरोप है कि शुरुआत में जिस महिला की भूमिका मैनेजर के रूप में प्रस्तावित थी, वह बाद में अध्यक्ष कैसे बन गईं? इस पद परिवर्तन की प्रक्रिया क्या थी? चयन किस नियम और समिति के निर्णय के आधार पर हुआ? क्या इसके लिए विधिवत प्रस्ताव और अनुमोदन लिया गया था? इन सवालों का जवाब सार्वजनिक होना जरूरी है। नियमानुसर अध्यक्ष जैसे दायित्व स्थानीय महिलाओं को दिया जाना था लेकिन बिलासपुर की महिला वर्षा नायडु को दे दिया गया।

# स्नेहा को मिला राज्यपाल पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरन्दुल




राज्य स्तर पर आयोजित एक समारोह में स्नेहा मेश्राम को राज्यपाल रमेन डेका ने प्रतिष्ठित राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके साथ ही अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को जिनमें दुर्गा यादव (रेंजर), हिमांशी यादव (गाइड) व तानिया परवीन (गाइड) को उत्कृष्ट कार्यों के लिए राज्यपाल ने प्रमाण पत्र प्रदान किए।

विद्यार्थियों की इस विशेष और गौरवशाली उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य एसके श्रीवास्तव ने सभी बच्चों को बधाई दिए और कहा कि यह सम्मान विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है और इससे अन्य विद्यार्थियों को भी सकारात्मक प्रेरणा मिलेगी। प्राचार्य एसके श्रीवास्तव, रेंजर लीडर तृप्ति श्रीवास्तव, गाइड कैप्टन सुश्री अनामिका एक्का, स्काउट मास्टर नारायण प्रसाद, कब मास्टर राकेश कुमार, गाइड कैप्टन सुरभी राव, रेंजर लीडर रुक्मणी साहू, रोवर लीडर दिनेश कुमार यादव एवं विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सम्मानित विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं।

### मानव अधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर ने किया शैक्षणिक संस्थानों का भ्रमण

दंतेवाड़ा। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर आर. हेमंत कुमार ने शुक्रवार को जिले के भ्रमण के दौरान शैक्षणिक संस्थानों का अवलोकन कर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों, स्वास्थ्य सुविधाओं और शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। भ्रमण के दौरान कुमार ने विद्यार्थियों के साथ जीव विज्ञान विषय के विभिन्न अध्यायों पर चर्चा की तथा विषय की बारीकियों को सरल तरीके से समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को नीट एवं जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन, विषयों की अवधारणाओं को समझने और निरंतर अभ्यास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षकों से संवाद करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही एआई तकनीक का सकारात्मक, जिम्मेदारीपूर्ण एवं प्रभावी उपयोग कर शिक्षण प्रक्रिया को अधिक रोचक और परिणाममूलक बनाने के संबंध में सुझाव दिए। इस दौरान उन्होंने नर्सिंग स्टाफ से बच्चों के स्वास्थ्य, उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी भी ली। विशेष रूप से बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगाए जाने वाले एचपीवी टीकाकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# छात्रों में दिखी गहरी लोकतांत्रिक समझ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

लोकतंत्र बचाओ समिति के तत्वावधान में लोकतंत्र बनाम अराजकता विषय पर छात्र प्रतिस्पर्धा कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी और उनकी स्पष्ट समझ ने यह साबित किया कि विद्यार्थियों में नागरिक बोध और लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर गहरी जागरूकता है, जो इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य था।

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट उपस्थिति के रूप में विधायक चैतराम अटामी, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद सदस्य व भाजपा प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट रामू नेताम सहित वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में आयोजित प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अतिथियों द्वारा निम्नलिखित विजेता छात्र-छात्राओं को मंच पर सम्मानित किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम कु. संगीता सोढ़ी, द्वितीय कु. दुर्गा, तृतीय कु. आरती शुक्ला। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम कु. मानवी यादव एवं कु. जमनी पोड़ियाम, द्वितीय मोनेश एवं चन्द्रशेखर, तृतीय कु. निधि कश्यप एवं कु. रीता। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम विशाल एक्का, द्वितीय कु. निहार फातिमा, तृतीय कु. रोशनी निषाद। आयोजन का उद्देश्य तब सफल होता दिखा, जब युवाओं ने मंच से अपने विचार स्पष्टता के साथ व्यक्त किए। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र विशाल एक्का ने कहा, लोकतंत्र में असहमति का अधिकार है, लेकिन जब विरोध की आड़ में हिंसा होती है, तो वह देश के विकास को रोकती है। हमें इस अंतर को समझना होगा। वहीं, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कु. निहार फातिमा ने अपने वक्तव्य में कहा, अराजकता को रोकने का सबसे बड़ा उपाय हमारा जागरूक मतदान है। एक मजबूत लोकतंत्र ही सुरक्षित समाज का आधार है। विद्यार्थियों के इन विचारों ने यह स्पष्ट कर दिया कि नागरिक जागरूकता का यह संदेश छात्रों तक पूरी तरह पहुंच चुका है। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, प्रबुद्ध जनों और आयोजन समिति के सदस्यों ने प्रतिभागी छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

# बीजापुर के 16,927 किसानों के खाते में पहुंचा 3 करोड़ 38 लाख



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त का हस्तांतरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुजरात के बनासकांठा से किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, बीजापुर में कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों ने वर्चुअल माध्यम से सुना।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत देशभर के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18 हजार 680 करोड़ रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित की गई। वहीं बीजापुर जिले के 16 हजार 927 किसानों के खातों में 3 करोड़ 38 लाख रुपये की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से हस्तांतरित की गई। इस राशि से जिले के किसानों को खेती-किसानी से संबंधित आवश्यकताओं की पूर्ति में आर्थिक सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुल्लेया, कृषि स्थायी समिति के सभापति शंकरैय्या मांडवी, जनपद सदस्य सुजाता आरकी, शांति कुड़ियम, धनेश्वरी बाकड़े, वरिष्ठ नागरिक घासीराम नाग सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि विज्ञान केंद्र बीजापुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख अरुण सकनी के स्वागत उद्बोधन से हुआ। इस अवसर पर उप संचालक कृषि पी.एस. कुसरे ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को धान खरीदी प्रक्रिया के संबंध में अवगत कराते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से प्राप्त राशि का उपयोग कृषि कार्यों एवं आवश्यक कृषि आदान सामग्री की खरीदी में करने के लिए प्रेरित किया।

# राष्ट्रीय खेल महोत्सव में योगिता ने लहराया परचम, जीता कांस्य पदक




**बस्तर।** राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित डीएवी खेल महोत्सव में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, करमरी की होनहार छात्रा योगिता यादव ने अपनी प्रतिभा और शानदार खेल प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। दिल्ली में 24 से 26 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं की छात्रा योगिता ने ऊंची कूद स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय सहित पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया। राष्ट्रीय मंच पर योगिता की यह उपलब्धि उसकी मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। इस सफलता में खेल प्रशिक्षक नंदकुमार साहू का मार्गदर्शन तथा विद्यालय के प्राचार्य त्रिभुवन साहू का प्रोत्साहन महत्वपूर्ण रहा। योगिता की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने उसे बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। योगिता की सफलता ने विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी है।

# कलेक्टर ने की राज्योत्सव तैयारी की समीक्षा अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर विश्वदीप ने 2 नवम्बर को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित राज्योत्सव के सम्पन्न कराने हेतु जिला अधिकारियों की समीक्षा ली। जिसमें आयोजन के प्रभावी क्रियान्वयन एवं आवश्यक व्यवस्था हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपा जिसमें संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था एवं आवश्यक पुलिस बल तैनाती के लिए पुलिस अधीक्षक बीजापुर को दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह कार्यक्रम स्थल हेतु आवश्यक बांस, बल्ली उपलब्ध कराने वनमंडलाधिकारी बीजापुर, संपूर्ण कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी भूपेन्द्र कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर बीजापुर, सहायक नोडल अधिकारी मुकेश देवांगन डिप्टी कलेक्टर बीजापुर, सर्किट हाऊस में आवश्यक सत्कार व्यवस्था हेतु गौरव पाण्डेय, सहायक संचालक कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर एवं ऋषि केश सिंह सिदार रोजगार अधिकारी बीजापुर, कार्यक्रम हेतु आमंत्रण पत्र एवं प्रमाण पत्र मुद्रण एवं वितरण की व्यवस्था जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा बीजापुर, मुख्य मंच में आवश्यक सत्कार व्यवस्था कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, कानून व्यवस्था हेतु कार्यक्रम स्थल पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी आदेश एवं पुलिस के साथ समन्वय अनुविभागीय दण्डाधिकारी बीजापुर, कार्यक्रम स्थल पर टेंट, मुख्य मंच, साईड मंच, व्हीआईपी बैठक व्यवस्था, पत्रकार बैठक व्यवस्था, प्रवेश द्वार, ग्रीन रूम, साज-सज्जा, फ्लैक्स, विभिन्न सेक्टर बैठक व्यवस्था एवं कार्यक्रम स्थल पर बेरिकेट्स तैयारी हेतु कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग बीजापुर एवं कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बीजापुर, विभागीय प्रदर्शनी तैयार कराने हेतु आदित्य कुजांम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भोपालपटन एवं मनीष कुमार भारती मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बीजापुर, कार्यक्रम स्थल के सभी सेक्टरों में आवश्यक रूप से पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराना कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बीजापुर, कार्यक्रम स्थल पर सुचारू रूप से विद्युत संचालन एवं जनरेटर की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर माईक, लाईट, एलईडी, साउण्ड सिस्टम की व्यवस्था का संचालन कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग बीजापुर, कार्यक्रम स्थल में फूल माला एवं पुष्प गुच्छ की आवश्यक व्यवस्था उप संचालक उद्यानिकी बीजापुर, कार्यक्रम स्थल एवं पार्किंग स्थल में साफ-सफाई व्यवस्था मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद बीजापुर, समस्त कार्यक्रम स्थल की फोटोग्राफी, विडियोग्राफी, समाचार कव्हरेज, प्रचार-प्रसार, पत्रकार दीर्घा व्यवस्था हेतु जनसंपर्क अधिकारी बीजापुर, आवश्यक स्वास्थ्य टीम सहित एंबुलेंस व्यवस्था एवं लिबरी टीम की व्यवस्था मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीजापुर को दायित्व सौंपा गया है।

# अपर कलेक्टर के आदेश को चुनौती देने हाईकोर्ट पहुंचे याचिकाकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के एयरपोर्ट के पीछे करकापाल के विवादित भूमि और राजस्व रिकॉर्ड में कथित छेड़छाड़ से जुड़े मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 9 याचिकाकर्ताओं को सीमित अंतरिम राहत दी है। न्यायमूर्ति अमितेंद्र किशोर प्रसाद की पीठ ने याचिकाकर्ताओं को सक्षम प्राधिकारी अथवा न्यायालय के समक्ष कानूनी उपाय अपनाने के लिए समय देते हुए निर्देश दिया है कि 15 अक्टूबर के राजस्व आदेश के आधार पर कोई भी बलपूर्वक कार्रवाई नहीं की जाए। साथ ही, हाईकोर्ट ने 15 अक्टूबर को जमीन की जो स्थिति थी, उसे यथावत बनाए रखने का भी आदेश दिया है। अपर कलेक्टर सीपी बघेल ने 15 अक्टूबर को पारित आदेश में रूपेश कुमार जैन के पक्ष में फैसला दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए दिलीप बाफना, सलीमा दानी, मंजू झा, मोहम्मद अमान गौस खान, जियाउल हक, प्रीति बाघमार, आशालता सिंह, मो. तारिक और कलावती दुबे ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट, बिलासपुर में रिट याचिका दायर की थी। याचिका में राजस्व विभाग, कलेक्टर, अपर कलेक्टर, तहसीलदार और रूपेश कुमार जैन को प्रतिवादी बनाया गया है। याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट के समक्ष 15 अक्टूबर के राजस्व आदेश को निरस्त करने की मांग की है। उनका पक्ष था कि विवादित भूमि से संबंधित उपखंड, लाल स्याही से सीमांकन और पहले से मौजूद सीमांकन को रद्द करने जैसे मामलों में उनके पंजीकृत विक्रय विलेखों, राजस्व अभिलेखों, नक्शों और भूमि पर वास्तविक कब्जे की समुचित जांच की जानी चाहिए। याचिका में विवाद के पुनर्विचार तक मौजूदा राजस्व रिकॉर्ड और नक्शों को सुरक्षित रखने की मांग भी की गई। मामले की पृष्ठभूमि में विवादित भूमि के नक्शे में कथित छेड़छाड़ और राजस्व कर्मचारियों की भूमिका को लेकर भी सवाल उठे हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 2024 में इस संबंध में बोधघाट थाने में हरीबंधु ठाकुर, रविन्द्र सिंह भदौरिया, विक्रम कुशवाहा, पटवारी फ्रेजरपुर विनायक ठाकुर तथा राजस्व निरीक्षक प्यारे लाल पैंकरा के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। हालांकि, इन आरोपों और उनकी वर्तमान कानूनी स्थिति का अंतिम निष्कर्ष संबंधित अभिलेखों के आधार पर ही निकाला जा सकता है।



- जगदलपुर की विवादित जमीन का मामला, 9 याचिकाकर्ताओं को राहत

हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार, याचिकाकर्ताओं को कानून के तहत उपलब्ध उपाय अपनाने के लिए सक्षम प्राधिकारी अथवा न्यायालय के समक्ष आवेदन, याचिका या मुकदमा दायर करने की स्वतंत्रता दी गई है। साथ ही संबंधित अधिकारियों और प्रतिवादी को 15 अक्टूबर के आदेश के अनुसरण में कोई भी बलपूर्वक कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा, हाईकोर्ट ने 15 अक्टूबर को विवादित जमीन की जो स्थिति थी, उसे यथावत बनाए रखने का आदेश भी दिया है।

# दिलीप उत्कृष्टता व प्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी दिलीप दुर्गम को हैदराबाद में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में ग्लोबल उत्कृष्टता एवं प्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सावित्रीबाई फुले ग्लोबल सुपर 30 की ओर से गोपाल किरण समाजसेवी संस्था, हैदराबाद विश्वविद्यालय एवं भारतीय प्रवासी अध्ययन केंद्र के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया।

दिलीप दुर्गम को यह पुरस्कार उनकी उत्कृष्ट पशु चिकित्सा सेवा, पशु स्वास्थ्य रक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान, सामाजिक कार्यों में सक्रियता, संगठनात्मक नेतृत्व और प्रेरणादायी कार्यों के लिए दिया गया। आयोजकों ने बताया कि दुर्गम ने पशु चिकित्सा सेवा के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी विशिष्ट पहचान बनाई है। यह सम्मान केवल उनकी उपलब्धियों का प्रतीक नहीं है, बल्कि उनकी दूरदृष्टि, दृढ़ता, ईमानदारी, नेतृत्व क्षमता और समावेशी सोच का भी उत्सव है। पशु चिकित्सा सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और ग्रामीण अंचलों में पशुपालकों के हित में किए गए कार्यों की विशेष रूप से सराहना की गई। कार्यक्रम में देशभर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया, जिसमें दिलीप दुर्गम का चयन छत्तीसगढ़ से किया जाना क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उनकी इस उपलब्धि पर जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों, पशुपालकों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## खबर संक्षेप

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल



**भानपुरी।** पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं अति. पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर के निर्देशन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भानपुरी संगम राम के पर्यवेक्षण में निरीक्षक हर्षकुमार धुरंधर, प्रशिक्षु उप निरीक्षक कमलेश्वर प्रजापति थाना प्रभारी भानपुरी के नेतृत्व में टीम गठित कर चोर की पतासाजी की जा रही थी। प्रार्थी शुभम गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराया था। आरोपी सागर 18 वर्ष निवासी करन्दोला छेपड़ापारा थाना भानपुरी को गिरफ्तार कर 29 अक्टूबर को न्यायालय जगदलपुर में पेश किया गया और जेल भेजा गया।

### माहवारी स्वच्छता पर छात्राओं को किया जागरूक

**जगदलपुर।** कस्तूरबा गांधी बालिका आश्रम और हाईस्कूल में पीडीआईए फेलो द्वारा माहवारी स्वच्छता और स्वास्थ्य प्रबंधन पर विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की लगभग 90 छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सत्र के दौरान छात्राओं को मासिक धर्म चक्र, व्यक्तिगत स्वच्छता, सेनेटरी पैड के सही इस्तेमाल और उपयोग के बाद उनके सुरक्षित निपटान (डिस्पोजल) के वैज्ञानिक तरीकों से अवगत कराया गया। इसके साथ ही दैनिक जीवन में स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। विषय को रुचिकर और सहज बनाने के लिए फेलो द्वारा एक रोचक कार्ड गेम का आयोजन किया गया, जिसने छात्राओं की झिझक दूर करने में अहम भूमिका निभाई। माहौल को खुला और सहज बनाने के लिए शिक्षिकाओं को अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## चक्रवात 'अर्नब' से रेलवे ट्रैक जलमग्न

# हीराखंड, वंदे भारत और इंटरसिटी एक्सप्रेस निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव से हुई 550 मिलीमीटर की भारी बारिश के बाद गंजाम जिले में बहुदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। बहुदा नदी पर बने बाघलाटी बांध के खतरे के निशान को पार करने के कारण इचछापुरम और झाड़ुपूडी रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित पुल

- स्टेशन पर फंसे यात्रियों को रेलवे बांट रहा भोजन और पानी

नंबर 631/01, 630/01 और 1052 के ऊपर पानी बह रहा है। विशाखापत्तनम रेल मंडल के इस रेल खंड में पटरियों और पुलों पर जलभराव के कारण रेल यातायात पूरी तरह ठप्प हो गया है। पूर्व तटीय रेलवे ने यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस रूट पर चलने वाली वंदे भारत, हीराखंड और इंटरसिटी एक्सप्रेस सहित 20 ट्रेनों को रद्द कर दिया है, जबकि 14 ट्रेनों को डायवर्ट (मार्ग परिवर्तित) किया गया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार जलस्तर घटने और ट्रैक सुरक्षित घोषित होने के बाद ही ट्रेनों का परिचालन बहाल किया जाएगा।

**प्रशांति और फलकनुमा समेत 14 ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी :** रेलवे ने इस रूट की 14 महत्वपूर्ण ट्रेनों को विकल्प मार्गों से चलाने का निर्णय लिया है। इसके तहत ट्रेन संख्या 19022 ब्रह्मपुर-उधना अमृत भारत एक्सप्रेस को अंगुल-संबलपुर-तितलागढ़-लाखोली मार्ग से और ट्रेन संख्या 18463 भुवनेश्वर-बेंगलुरु प्रशांति एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 12863 हावड़ा-बेंगलुरु एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 12254 भागलपुर-यशवंतपुर अंगा एक्सप्रेस व ट्रेन संख्या 12660 शालीमार-नागरकोइल गुरुदेव एक्सप्रेस को अंगुल-संबलपुर-रायगड़ा-विजयनगरम के रास्ते चलाया जा रहा है। इसी तरह ट्रेन संख्या 06566 मालदा टाउन-बेंगलुरु एक्सप्रेस कापिला रोड-अंगुल-संबलपुर-रायगड़ा के रास्ते तथा ट्रेन संख्या 20610 तिरुचिरापल्ली-न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत, ट्रेन संख्या 22864 बेंगलुरु-हावड़ा एसी एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 12864 बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस व ट्रेन संख्या 22606 तिरुनेलवेली-पुरुलिया एक्सप्रेस को विजयनगरम-तितलागढ़-झारसुगुड़ा-खड़गपुर के रास्ते डायवर्ट किया गया है। इसके अलावा ट्रेन संख्या 12704 सिकंदराबाद-हावड़ा फलकनुमा एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 16523 बेंगलुरु-बालूरघाट एक्सप्रेस को विजयनगरम-तितलागढ़-संबलपुर-अंगुल-कटक मार्ग से, ट्रेन संख्या 17480 तिरुपति-पुरी एक्सप्रेस को विजयनगरम-संबलपुर-नराज मढ़पुर-खोरधा रोड मार्ग से और ट्रेन संख्या 17016 सिकंदराबाद-भुवनेश्वर विशाखा एक्सप्रेस को विजयनगरम-संबलपुर-भुवनेश्वर के रास्ते चलाया जा रहा है।

### जगदलपुर-भुवनेश्वर हीराखंड एक्सप्रेस रद्द होने से यात्री परेशान

बाढ़ के कारण पूर्व तटीय रेलवे द्वारा रद्द की गई ट्रेनों में जगदलपुर के यात्रियों के लिए चलने वाली ट्रेन संख्या 18447 भुवनेश्वर-जगदलपुर हीराखंड एक्सप्रेस को 29 अक्टूबर को और वापसी में ट्रेन संख्या 18448 जगदलपुर-भुवनेश्वर हीराखंड एक्सप्रेस को 30 अक्टूबर को रद्द किया गया है। इसके अलावा रद्द होने वाली अन्य प्रमुख ट्रेनों में ट्रेन संख्या 20841 भुवनेश्वर-विशाखापत्तनम वंदे भारत एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 20842 विशाखापत्तनम-भुवनेश्वर वंदे भारत एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 22819 भुवनेश्वर न्यू-विशाखापत्तनम इंटरसिटी, ट्रेन संख्या 22820 विशाखापत्तनम-भुवनेश्वर न्यू इंटरसिटी, ट्रेन संख्या 17015 भुवनेश्वर न्यू-सिकंदराबाद विशाखा एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 12703 हावड़ा-सिकंदराबाद फलकनुमा एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 18525 और 18526 ब्रह्मपुर-विशाखापत्तनम-ब्रह्मपुर एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 18417 और 18418 पुरी-गुणूपुर-पुरी एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 20838 जूनागढ़ रोड-भुवनेश्वर एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 18045 हावड़ा-चलपिल्ली ईस्ट कोस्ट एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 18063 संतरागाछी-यलहंका एसी एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 22874 विशाखापत्तनम-दीघा एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 22603 खड़गपुर-विल्लुपुरम एक्सप्रेस और ब्रह्मपुर-विशाखापत्तनम पैसेंजर शामिल हैं। वहीं ट्रेन संख्या 68031, 68032 और 68033 झारसुगुड़ा-संबलपुर मेमू को शुक्रवार तक रद्द कर दिया गया है।

### स्टेशनों पर फंसे यात्रियों को रेलवे दे रहा राहत

विभिन्न स्टेशनों पर फंसे यात्रियों की मदद के लिए पूर्व तटीय रेलवे द्वारा भोजन, स्वच्छ पेयजल और आवश्यक सहायता की व्यवस्था की जा रही है। यात्रियों के मार्गदर्शन और शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए अतिरिक्त रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान और ट्रैवलिंग टिकट परीक्षक (टीटीई) तैनात किए गए हैं। रेलवे प्रशासन सोशल मीडिया और रेल मदद ऐप के माध्यम से लगातार स्थिति पर नजर रख रहा है। राज्य सरकार और जिला प्रशासन के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर सुरक्षा उपायों का समन्वय किया जा रहा है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी यात्रा शुरू करने से पहले राष्ट्रीय ट्रेन पूछताछ प्रणाली (एनटीईएस) अथवा आधिकारिक वेबसाइट पर अपनी ट्रेन की सही स्थिति जरूर जांच लें।

## सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश पर सोशल मीडिया टीम की बैठक जिला कार्यालय में की गई। बैठक में संगठन की गतिविधियों के प्रचार-प्रसार एवं सोशल मीडिया पर टीम की सक्रियता बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने संगठन की विचारधारा और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन के प्रति समर्पित रहकर सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। जिला उपाध्यक्ष नरसिंह राव ने संगठनात्मक अनुशासन, आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता मिलकर संगठन की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करें और पार्टी के संदेश को अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाएं। जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्राही ने सोशल मीडिया पर नियमित सक्रियता बनाए रखने तथा संगठन के कार्यक्रमों को समयबद्ध तरीके से साझा करने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सूचनाओं की प्रमाणिकता का ध्यान रखते हुए पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों का प्रभावी प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया। संचालन करते सोशल मीडिया के जिला संयोजक दिनेश के.जी. ने संगठन को मजबूत बनाने तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समन्वित प्रयास करने पर बल दिया गया। वहीं आभार प्रदर्शन सह-संयोजक बृजेश शर्मा ने किया। बैठक में जिला कार्यसमिति सदस्य योगेंद्र पाण्डेय, परीस बेसरा, विपिन मालवीय, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, रोशन झा, विनय राजू, अभिलाष यादव, सत्यम झा, मोरध्वज सेठिया, नरेंद्र पाण्डेय ,विनायक बेहरा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



16 वर्षों से आपकी सेवा में

# श्री खाटू श्याम ज्योतिष



## ज्योतिष के माध्यम से जीवन की सही दिशा

समस्याएँ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों,
समाधान हमेशा संभव है...

मनमोहनी स्पेशलिष्ट

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ | पं.रविकांत शर्मा
पं.एस.के. शास्त्री



### जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष सामाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



खाटू श्याम जी की असीम कृपा से
"हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
**जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**
























### क्यों चुनें हमें?

- 16 वर्षों का अनुभव
- सटीक एवं सरल समाधान
- गोपनीयता की पूर्ण गारंटी
- व्यक्तिगत मार्गदर्शन
- श्रद्धा और विश्वास पर आधारित सेवा

### ऑफिस आने पर मात्र ₹101

PAYMENT QR CODE

### फोन से परामर्श मात्र ₹251

### हमारी प्रमुख सेवाएं

- **जन्म कुंडली विश्लेषण** — व्यक्तित्व, करियर, विवाह, संतान
- **वैवाहिक जीवन** — विवाह में आ रही बाधाएँ, वैवाहिक सुख
- **करियर एवं व्यवसाय** — नौकरी, व्यापार, विदेश योग
- **धन एवं समृद्धि** — आर्थिक स्थिति, निवेश, लाभ
- **संतान योग** — संतान प्राप्त, संतान सुख
- **वास्तु शास्त्र** — घर, दुकान, ऑफिस की ऊर्जा
- **हस्तरेखा विज्ञान** — जीवन की संभावनाएँ, भविष्य संकेत
- **प्रश्न कुंडली** — तत्काल समाधान, सही दिशा

बुकिंग के लिए संपर्क करें:
+91 747 067 4060

पोलसाय पारा चौक,
स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र:- पं. रविकांत शर्मा एवं
पं. एस. के शास्त्री: +91 9755964567

नोट : मिलने के लिए अपॉईंटमेंट लेना आवश्यक है। असुविधा से बचने के लिए अपॉईंटमेंट लेकर ही मिलें। | Follow us on: shree_khatushyam_jyotish | हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।